दिनांकः 29.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज से नई रोड़वेज और ग्रामीण परिवहन सेवा की बसों की रवानगी के कार्यक्रम।
- मॉनसून के विदाई के साथ ही राज्य में गर्मी और उमस का असर बढ़ा–बाड़मेर और बीकानेर में पारा 39 डिग्री के पार।
- एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खिताबी टक्कर।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़.ऑन. एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने 2015 में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल शुरू की। इसके माध्यम से विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री अक्सर लोगों से अपील करते हैं कि वो स्थानीय संस्कृति, उत्पादों और दूसरे राज्यों के बारे में जानें। इससे एकता को बढ़ावा मिलता है।

...............

000

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कल बहरोड़ में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें चिकित्सा और शिक्षा सेवा से जुड़े काम शामिल हैं। वहीं हमीदपुर में कस्तूरबा गांधी छात्रावास का शुभारंभ किया। इसके साथ ही नांगल खोड़िया गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सौगात दी। उन्होंने बरड़ौद में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सामुदायिक भवन और पैथोलोजी लैब का लोकार्पण किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर होना और स्वदेशी अपनाना आवश्यक है।

................

000

प्रदेशभर में चल रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं की समाधान किया जा रहा है। साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शहरी सेवा शिविरों के उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। 17 सितम्बर से शुरू हुए इन शिविरों के माध्यम से जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन से जुड़े 42 हजार से अधिक प्रकरणों का भी समाधान किया गया है। इस बीच, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली जिले का दौरा किया। उन्होंने भांगेसर ग्राम पंचायत में सेवा शिविरों का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया।

000

सेवा पखवाड़े के तहत आज रोडवेज और ग्रामीण परिवहन सेवा की नई बसों की रवानगी के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही अलवर से खाटूश्याम जी के लिए नई बस सेवा शुरू की जा रही है। एक अक्टूबर से चालू होने वाली ये सेवा अलवर के मत्स्य नगर आगार से रोजाना रवाना होकर खाटूश्याम पहुंचेगी।

000

सहायक अभियंता संयुक्त के 1 हजार 14 पदों के लिए आज से प्रतियोगी परीक्षा हो रही है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की जा रही ये परीक्षा तीस सितम्बर तक रोजाना दो–दो पारियों में होगी। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा अजमेर और जयपुर के 160 केन्द्रों पर होगी। इसके लिए 58 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं।

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कल जयपुर में भारतीय मौसम विज्ञान कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीकानेर में प्रस्तावित थार मरुस्थल जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केन्द्र के प्रस्ताव की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि थार क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझने की दिशा में ये केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

000

मॉनसून की विदाई के साथ ही प्रदेशभर में गर्मी और उमस का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में बाड़मेर और बीकानेर में पारा करीब 39 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। अलवर, चूरू, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और जोधपुर में भी गर्मी और उमस का असर रहा और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। हालांकि कुछ स्थानों पर मौसम बदला और बूंदाबांदी हुई। बांसवाड़ा में भी कई जगह बूंदाबांदी हो रही है। वहीं कोटा, बारां और करौली में कल शाम कई जगह हल्की बारिश हुई। हमारे करौली संवाददाता ने बताया कि जिले में आज भी बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं।

............

मौसम विभाग ने आज बारां, कोटा, झालावाड़ और उदयपुर सहित नौ जिलों में गरज के साथ हल्की बरसात का येलो अलर्ट बताया है।

000

पाली में आज से लघु उद्योग भारती की ओर से मेला आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर बढ़ने की दिशा में दो दिन का ये मेला लगाया गया है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। और ब्यौरा संवाददाता से–

.............

जैसलमेर में भी वोकल फॉर लोकल थीम पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्थानीय बुनकरों और शिल्पकारों की ओर से बनाए गये पारंपरिक उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

000

एशिया कप टी–20 क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी टक्कर होगी। ये फाइनल मुकाबला रात 8 बजे से दुबई में खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है।

उधर, कोलंबो में सैफ अंडर–17 फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत ने पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4–1 से हराकर सातवीं बार खिताब जीत लिया।

000